आकाशवाणी भोपाल

दोपहर समाचार

06.07.2024 2.10 PM

प्रादेशिक समाचार

एक पेड़ मां के नाम अभियान

प्रदेशभर में आज "एक पेड़ मां के नाम" अभियान के अंतर्गत साढ़े पांच करोड़ पेड़ लगाए जा रहे है। अभियान का शुभारंभ राजधानी भोपाल के जंबूरी मैदान के सामने मुख्यमंत्री मोहन यादव ने किया । मुख्यमंत्री ने कहा है कि "एक पेड़ मां के नाम" अभियान आक्सीजन की मात्रा बढ़ाने, धरती का तापमान कम करने, भूजल स्तर को ऊपर लाने और प्रदूषण नियंत्रण में महत्वपूर्ण योगदान देने में समर्थ होगा। केवल भोपाल जिले में ही आज से एक पखवाड़े के अंदर 20 लाख पौधे लगाने का लक्ष्य रखा गया है। आज ही भोपाल जिले में विभिन्न स्थानों पर 12 लाख पौधे लगाये जाने है। इसी तरह प्रदेश की औद्योगिक राजधानी इंदौर में भी 51 लाख पौधे लगाने के कार्यक्रम को अंतिम रूप दिया जा चुका है। सीहोर जिले में इस अभियान के तहत 15 जुलाई तक पौधरोपण किया जाएगा । विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर 5 जून को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक पौधा लगाकर इस अभियान की शुरुआत की थी।

डिजिटल मैमोग्राफी

उप—मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल ने आज इंदौर में कहा है कि कैंसर की प्रारंभिक पहचान और उपचार को प्राथमिकता देने की दिशा में एक बड़ा ही महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है। इसके तहत इंदौर के एम.जी.एम मेडिकल कॉलेज एवं एम. वाय. अस्पताल में डिजिटल मैमोग्राफी एवं टोमोसिंथेसिस मशीन स्थापित की गई है। इस मशीन से स्तन कैंसर के मामलों की जल्द पहचान और प्रभावी उपचार संभव हो सकेगा।

नर्मदा लिंक परियोजना

वन मंत्री नागर सिंह चौहान ने कहा कि नर्मदा लिंक परियोजना से अलीराजपुर जिले की तकदीर और तस्वीर बदलेगी। उन्होंने कहा कि सिंचाई सुविधा बढ़ने से जिले के आर्थिक विकास के साथ—साथ किसानों की आय में भी वृद्धि होगी। उन्होंने बताया कि नर्मदा लिंक परियोजना से जिले के 155 गाँव के किसानों को सिंचाई की सुविधा मिलेगी। उन्होंने कहा कि इससे अलीराजपुर जिले के सिंचाई के रकबे में बढ़ोत्तरी होगी। गौरतलब हे कि प्रदेश के बजट में नर्मदा लिंक परियोजना के लिये 1800 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है।

घरेलू पर्यटन

प्रदेश को घरेलू पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए सर्वश्रेष्ठ राज्य पुरस्कार प्राप्त हुआ है। प्रदेश को मेलों और त्यौहारों को बढ़ावा देने के लिए भी सर्वश्रेष्ठ राज्य से पुरस्कृत किया गया है। दिल्ली में ये पुरस्कार आईटीसीटीए संस्था द्वारा अंतर्राष्ट्रीय पर्यटन एक्सपो—कॉन्क्लेव और यात्रा पुरस्कार के 9वें संस्करण में कल प्रदान किए गए।

जागेश्वरनाथ धाम

बुंदेलखण्ड के दमोह जिले के बांदकपुर में स्थित जागेश्वरनाथ धाम अब महाकाल—लोक की तर्ज पर विकसित होगा। पर्यटन, संस्कृति, धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व मंत्री धर्मेन्द्र सिंह लोधी ने कहा कि जागेश्वरनाथ धाम में विराजित शिवलिंग वर्षों से लोगों के श्रद्धा और आश्चर्य का

केन्द्र बना हुआ है। उन्होंने कहा कि जागेश्वरनाथ धाम में मंदिर परिसर का पुनर्विकास, एकात्म क्षेत्र, ध्यान और योग केन्द्र, उल्लास क्षेत्र तथा प्रवेश और निकास द्वार का निर्माण किया जायेगा। श्रद्धालु जागेश्वरनाथ लोक में भगवान शिव के सभी 12 ज्योतिर्लिंगों की प्रतीकात्मक प्रतिमाओं एवं भगवान भोलेनाथ से जुड़े प्राचीन मंदिरों का चित्रों के माध्यम से दर्शन कर सकेंगे। साथ ही उनसे जुड़ी मान्यताओं एवं इतिहास संबंधी जानकारी भी प्राप्त कर सकेंगे।

मौसम

प्रदेश में मानूसन की गतिविधियां तेज हो गई है। राज्य में बारिश के दो सिस्टम एक्टिव होने की वजह से पूरा प्रदेश भीग रहा है। आज ग्वालियर–चंबल में भारी बारिश का अलर्ट है। प्रदेश के बाकी जिलों में भी बारिश होगी। मौसम विभाग ने 7, 8 और 9 जुलाई को भी तेज बारिश होने की संभावना जताई है। मौसम विभाग भोपाल के वैज्ञानिकों ने बताया कि दो ट्रफ और तीन साइक्लोनिक सर्कुलेशन की एक्टिविटी प्रदेश में देखने को मिल रही है। इस वजह से प्रदेशभर में आंधी और बारिश का मौसम है। भोपाल में इस बार सामान्य से 106 प्रतिशत बारिश होने का अनुमान है। मौसम वैज्ञानिकों का कहना है कि अबकी बार भले ही मानसून 3 दिन की देरी से पहुंचा, लेकिन अच्छा बरसेगा।

राजधानी भोपाल की बात करें तो यहां अगले 4 दिन तेज बारिश का अलर्ट जारी किया गया है।

कुछ समाचार संक्षेप में .....

- केंद्रीय संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कहा है कि शिवपुरी और अन्य इलाकों में किसानों को खाद की कमी नहीं आने दी जाएगी ।
- शहडोल जिले के बुढ़ार में नेशनल हाइवे 43 पर हुवे एक सड़क हादसे में एक ही परिवार के 4 महिलाओं की मौत हो गई है। 2 महिलाएं गंभीर रूप से घायल हैं जिन्हें मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है।
- सी.एम हेल्पलाइन में उत्कृष्ट ग्रेडिंग पाने वाले निकायों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए 90 प्रतिशत अंक पाने वाले जिला शहरी विकास अभिकरण सीहोर को प्रशंसा पत्र दिया गया है।
- निपुण भारत अंतर्गत आगरमालवा में दो दिवसीय कार्यशाला आयोजित हुई ।